माल ज्यादा तोलते है और बताते कम है, और

(ग) यदि हा, तो शिकायतो का स्वरूप क्या है और सरकार ने इस बारे मे क्या कार्यवाही की है ?

कृषि मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री जगन्नाथ पहाड़िया) : (क) से (ग) : देश भर मे भारतीय खाद्य निगम और अन्य अधिप्राप्ति एजेंसियो द्वारा खाद्यान्नो की अत्यधिक अधिप्राप्ति की जा रही है। सरकार को कुछेक शिकायते मिली है जिनमे किसानो को परेशान करने, गेहू न खरीदने, कम रसीद जारी करने, बिना औचित्य के गेहू का कम श्रणीकरण करने या उसे अस्वीकार करने, सही मूल्य का भुगतान न करने, रिश्वत लेने आदि के बारे मे आरोप लगाए गए है। इन शिकायतो को तत्परता से जाच की जाती है और यहा आवश्यक होता है, उन मामलो मे उपयुक्त उपचारी उपाय किए जाते है।

दिल्ली मे नि शुल्क उच्चतर माध्यमिक शिक्षा

7025. **श्री चन्दूलाल चन्द्राकार** : क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शिक्षा मन्त्रालय ने दिल्ली प्रशासन से उच्चतर माध्यमिक शिक्षा नि शुल्क करने को कहा है ,

(ख) क्या दिल्ली प्रशासन ने इस प्रकार की माग केन्द्रीय सरकार मे की है,

(ग) यदि हा, तो उसका पूरा ब्योरा क्या है और उसमे कितना व्यय अधिक होने की सभावना है, और

(घ) इस योजना के कब तक लागू होने की सम्भावना है।

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उप मंत्री (श्री डी० पी० यादव) : (क) जी, नही।

(ख) जी हा।

(ग) और (घ) : प्रस्ताव की मुख्य बात, हायर सेकेडरी स्तर तक शिक्षा को सभी बच्चो के लिए नि शुल्क करना है। इस योजना पर अमल करने के फलस्वरूप अनुमानित वार्षिक खर्च इस प्रकार होगा

राजकीय स्कूलो से प्राप्त होने वाले राजस्व का घाटा 65 लाख रुपये

सहायता प्राप्त स्कूलो को अतिरिक्त सहायक अनुदान की अदायगी। 35 लाख रुपये

इस योजना पर अमल करना अन्य बातो के साथ-साथ धन की उपलब्धता पर निर्भर करता है। अभी तक कोई अन्तिम निर्णय नही लिया गया है।

New Schemes launched by National Cooperative Development Corporation

7026 SHRI JYOTIRMOY BOSU. Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state

(a) whether the National Cooperative Development Corporation have launched two new schemes, involving Rs 17 5 crores to increase the storage capacity and strengthen the share capital base of the cooperatives, and

(b) if so, the main features thereof ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI JAGANNATH PAHADIA) (a) It has been decided to implement two new Central Sector Schemes for (i) cooperative storage and (ii) strengthening the share capital base of cooperative marketing societies, involving a total outlay of Rs 17 5 crores during the last two years of the Fourth Five Year Plan. Both the schemes will be operated by the National Cooperative Development Corporation on behalf of the Central Government and Central assistance to State Governments will be channelised through the Corporation.